डॉ. (प्रो.) कृष्ण कुमार नाग, सभापति, कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की अध्यक्षता में दिनांक–16.05.2019 (गुरूवार) को समिति कार्यालय रांची, में सम्पन्न हुई कार्यकारिणी समिति की आकस्मिक बैठक की कार्यवाही :–

1. उपस्थिति :– बैठक में उपस्थित/अनुपस्थित सदस्य यथास्थान अभिलिखित :

क्रम सं.	नाम	कार्यकारिणी समिति में धारित पद	उपस्थिति
1.	डॉ.(प्रो.) कृष्ण कुमार नाग, नेतरहाट आवासीय विद्यालय के पूर्ववर्त्ती छात्र।	सभापति	उपस्थित
2.	श्रीमती सुमनलता टोपनो बलिहार, उप–निदेशक (मा. शिक्षा) स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार।	पदेन सदस्य द्वारा मनोनीत सदस्य	उपस्थित
3.	श्री अखिलेश वाजपेयी संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, (वित्त–विभाग द्वारा मनोनीत सदस्य) झारखण्ड सरकार, राँची।	सदस्य	उपस्थित
4.	श्री हरे कृष्ण प्रसाद सिन्हा, (प्रख्यात शिक्षाविद्)	सदस्य	उपस्थित
5.	श्री विनोद कुमार कर्ण, (पूर्व प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय।	सदस्य	उपस्थित
6.	डॉ.(प्रो.) नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, पूर्ववर्त्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय।	सदस्य	*अनुपस्थित
7.	डॉ. संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट।	सदस्य सचिव	उपस्थित

* डॉ.(प्रो.) नरेन्द्र नाथ पाण्डेय जी ने मुम्बई से दूरभाष द्वारा सभापति को सूचित किया कि उनकी पत्नी के ठेहुने के ट्रांस्प्लान्ट सम्बन्धी इलाज के. कारण उनकी उपस्थिति नहीं हो पायेगी।

2. **कार्यसूची मद संख्या–01** :– नेतरहाट प्रवेश परीक्षा सत्र 2019–20 की निर्धारित परीक्षा सम्बन्धी तिथियों को अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित करने के संदर्भ में अत्यावश्यक कारणों से विचार विमर्श किया गया। कार्यकारिणी समिति की पिछली 55वीं बैठक, जो 16.04.2019 को आहूत की गई थी, उसमें लिए गए निर्णय के अनुसार 26.04.2019 को प्रकाशित विज्ञापन में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27.05.

कृष्ण कुमार नाग
17.5.2019

2019 तथा प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 23.06.2019 निर्धारित है। किन्तु उक्त विज्ञापन के उपरान्त दिनांक 03.05.2019 को झारखण्ड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा सरकार द्वारा नेतरहाट आवासीय विद्यालय एवं इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय के तर्ज पर स्थापित विद्यालयों में 2019-20 में प्रवेश हेतु प्रतियोगिता परीक्षा का विज्ञापन प्रकाशित किया गया, जिसमें उसी उम्र 10-12 वर्ष के बालकों का चयन किया जाता है। संयोगवश, उसमें भी वही तिथि दिनांक 23.06.2019(रविवार) परीक्षा के लिए निर्धारित है। इसके अतिरिक्त यह भी जानकारी मिली कि राज्य सरकार द्वारा सभी सरकारी विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश दिनांक 13 मई से 8 जून 2019 तक घोषित कर दी गई है।

इन विन्दुओं को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि जो दिनांक-27.05.2019 तक निर्धारित थी, उसको बढ़ाकर दिनांक-14.06.2019 तक कर दी जाय; और प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 23.06.2019 को आगे बढ़ाकर 29.06.2019(शनिवार) अपराह्न 01-03 कर दिया जाय।

वर्तमान में राज्य के पदाधिकारियों की चुनाव कार्य में व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अगर किसी आवेदक का जाति अथवा आवासीय प्रमाण पत्र आवेदन की अन्तिम तिथि तक न बन सके तो अपने आवेदन में उनका उल्लेख करते हुए आवेदन पत्र जमा कर दें। प्रारंभिक परीक्षा में बैठने की औपबन्धिक अनुमति उन्हें मिलेगी, किन्तु मुख्य परीक्षा तक वे आवश्यक रूप से इन सभी दस्तावेजों को अवश्य उपलब्ध करा देंगे। प्राचार्य को यह निदेश हुआ कि समाचार पत्रों के माध्यम से एक विज्ञापन अवश्य प्रकाशित कर देंगे कि विद्यालय के वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रवेश पत्र ऑनलाइन आवेदन करने वालों को स्वयं कम्प्यूटर से प्राप्त कर लेना है। ऑफलाइन आवेदन करने वाले छात्र के भी रॉल नम्बर विद्यालय के वेबसाइट पर होंगे और यद्यपि उन्हें उनके पते पर निबंधित डाक के माध्यम से प्रेषित किये जायेंगे/ और उनके अभिभावक के मोबाइल न. पर सूचित किए जायेंगे, तथापि अगर किसी छात्र को ससमय प्रवेश पत्र प्राप्त न हो सके तो वह अपने जिला मुख्यालय के जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर भरे हुए आवेदन की छायाप्रति तथा अपना पहचान पत्र लेकर अवश्य उपस्थित रहेंगे, ताकि छात्र परीक्षा से वंचित न रह जांयें।

अधिकाधिक बालक आवेदन दे सकें, इस हेतु समिति के सदस्यगण स्वयं भी अपने स्तर से जिला शिक्षा अधीक्षकों व विद्यालय के प्रधानाध्यापकों इत्यादि से संपर्क करने का यथासंभव प्रयास करें।

कृष्ण कुमार राम
17.5.2019

3. <u>कार्यसूची मद संख्या–02</u> :– नेतरहाट आवासीय विद्यालय में कार्यरत कर्मियों के विगत दो माह के लम्बित वेतन के भुगतान से संबंधित अद्यतन वस्तु–स्थिति के संबंध में प्राचार्य को यह निदेश हुआ कि वे विभागीय उच्चाधिकारियों से संपर्क स्थापित कर इसके निराकरण हेतु आवश्यक पहल करेंगे, और यह भी कि कार्यकारिणी समिति के सदस्यगणों की एक शिष्टमंडली सम्बन्धित उच्चधिकारियों से मिलकर इनके निराकरण का प्रयास करें।

4. <u>कार्यसूची मद संख्या–03</u> :– शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों की नियुक्ति हेतु रोस्टर सम्बन्धी विन्दुओं पर विचार विमर्श पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्राचार्य द्वारा प्रेषित पत्र पर निर्णय आने में विलम्ब होने पर स्मार–पत्र अवश्य भेजते रहते जाने चाहिए, ताकि पद रहते हुए नियुक्ति नहीं होने के कारण विद्यालय के अध्ययन–अध्यापन में कठिनाई न हो।

5. <u>कार्यसूची मद संख्या–04 :</u> प्रशासी विभाग द्वारा प्राचार्य–सह–सदस्य सचिव को नेतरहाट विद्यालय समिति सम्बन्धी पत्र एवं विद्यालय के छात्रों के सम्बन्ध में कतिपय जानकारियां प्राप्त करने के विषय में प्राचार्य द्वारा तैयार किए गए प्रत्युत्तर पत्रों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

6. <u>कार्यसूची मद संख्या–05 :</u> अन्यान्य में : विद्यालय में अतिथि गृहों के रख–रखाव व समुचित कार्य–पद्धति से संचालन के सम्बन्ध में माननीय सदस्य श्री एच. के. पी. सिन्हा जी ने सुझाव दिया कि पूर्ण पारदर्शी तरीके से एक उप–समिति द्वारा इनका संचालन किया जाना चाहिए। इसपर प्राचार्य ने सूचित किया कि पूर्व की कार्यकारिणी समिति (तत्कालीन सभापति श्री नरेन्द्र भगत जी के कार्यकाल में) द्वारा इसपर एक उप–समिति पहले से ही गठित की जा चुकी है। निर्णय लिया गया कि उसी उप–समिति में शिक्षक श्री अंशुमान चटर्जी जी को भी शामिल कर लिया जाय, एवं इसकी नियमित बैठकें होती रहीं और नियमित रूप से अतिथि गृहों का संचालन होता रहे।

सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।

कृष्ण कुमार नाग

(कृष्ण कुमार नाग) 17.5.2019

सभापति
कार्यकारिणी समिति,
नेतरहाट विद्यालय समिति।